भारत सरकार/Government Of India
अंतरिक्ष विभाग/Department of Space
**विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र/VIKRAM SARABHAI SPACE CENTRE**
तिरुवनंतपुरम/Thiruvananthapuram - 695 022

विज्ञापन सं./**ADVERTISEMENT NO. 288** दिनांक/ **DATED 01.01.2015**

# अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला में शोध सहयोगीवृत्ति के लिए आवेदन
# APPLICATIONS FOR RESEARCH ASSOCIATESHIP AT SPACE PHYSICS LABORATORY

<u>पदों की सं./*NO. OF POSITIONS: 7*</u>

**इसरो के प्रमुख अनुसंधान संस्थाओं में से एक में अग्रणी अनुसंधान क्षेत्रों में कार्य करने हेतु आमंत्रण!**
**A call to work in frontline research areas in one of the premier Research Institutions of ISRO!**

**अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला (एसपीएल), विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी), भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो),** तिरुवनंतपुरम में **शोध सहयोगियों** के पद हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। **पात्र अभ्यर्थी, नीचे दिए गए ब्यौरों के अनुसार, वर्ष में किसी भी समय ई-मेल द्वारा आवेदन दे सकते हैं।** Applications are invited for the position of **Research Associates** at **Space Physics Laboratory (SPL), Vikram Sarabhai Space Centre (VSSC)**, **Indian Space Research Organisation (ISRO),** Thiruvananthapuram. **Eligible candidates can apply any time of the year by email as per details given below.**

## <u>अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला, वीएसएससी/SPACE PHYSICS LABORATORY, VSSC</u>

अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला (एसपीएल), वायुमंडलीय, अंतरिक्ष तथा ग्रहीय विज्ञानों की विभिन्न विधाओं में अनुसंधानार्थ समर्पित एक अग्रणी संस्था है, जो ऐरोसॉलों, अनुरेख गैसों, विकिरण, मेघों, परिसीमा स्तर भौतिकी, वायुमंडलीय प्रतिरूपण, मध्य वायुमंडलीय गतिकी, विद्युत-गतिकी, उपरि वायुमंडल/आयनोस्फियर ऊर्ध्वाधर युग्मन प्रक्रियाएं, अंतरिक्ष मौसम प्रतिभास, सूर्य-पृथ्वी संबंध, सूक्ष्म तरंग सुदूर संवेदन तथा चंद्रमा, धूमकेतु संबंधी तथा ग्रहीय विज्ञानों के विविध क्षेत्रों में अनुसंधान के उत्कृष्ट एवं चुनौतीपूर्ण अवसर देती है, जिसमें बड़ी मात्रा में प्रयोगात्मक व प्रतिरूपण उपकरण एवं उपग्रह सुदूर संवेदन कार्यरत होते हैं।
Space Physics Laboratory (SPL), a pioneer institution dedicated for research in different disciplines of Atmospheric, Space, and Planetary Sciences, offers excellent and challenging research opportunities in various areas of Aerosols, Trace Gases, Radiation, Clouds, Boundary Layer Physics, Atmospheric Modelling, Middle Atmospheric Dynamics, Electrodynamics, upper atmosphere/ionosphere, vertical coupling processes, space weather events, Sun-Earth relationships, microwave remote sensing, and Lunar, Cometary and Planetary Sciences, employing a host of experimental and modeling tools and satellite remote sensing.

चंद्रयान-1, मंगल अभियान, यूथसैट, मेघा-ट्रॉपिक्स, आदित्या-एल1 अभियान, इसरो-जियोस्फियर बायोस्फियर कार्यक्रम आदि जैसे देश के मुख्य अंतरिक्ष तथा वायुमंडलीय विज्ञान कार्यक्रमों में एसपीएल शामिल है। मात्र इन अध्ययनों के लिए सुसज्जित प्रयोगशालाएं, मुख्य प्रयोगात्मक सुविधाएं एवं उपग्रहों से प्राप्त डेटा उपलब्ध हैं। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गुब्बारों, वायुयानों, रॉकेटों तथा अनुसंधान पोतविहारों का उपयोग करनेवाले मुख्य प्रयोगात्मक अभियानों का समन्वयन भी एसपीएल करती है और भारत के ध्रुवीय अनुसंधान कार्यक्रम का सहयोगी है।
SPL is involved in major space and atmospheric science programmes of the country, such as Chandrayaan-1, Mars Mission, YouthSat, Megha-Tropiques, Aditya-L1 Mission, ISRO-Geosphere Biosphere Programme, etc. Well-equipped laboratories, major experimental facilities and satellite data are available exclusively for these studies. SPL also co-ordinates major experimental campaigns, at national and international level, using balloons, aircrafts, rockets, and research ship cruises, and is a contributor to India's polar research programme.

चयनित शोध सहयोगी, एसपीएल के वैज्ञानिकों/इंजीनियरों के साथ निर्धारित अनुसंधान विषयों पर कार्य करेंगे। चयनित अभ्यर्थियों को (सुदूर स्थानों सहित) भारत में कहीं भी काम करने और अपेक्षाओं के अनुसार, वायुयानों तथा पोत-आधारित अभियानों सहित क्षेत्र-प्रयोगों में भाग लेने के लिए तैयार होना चाहिए।
The selected RAs will work on specific research themes along with the Scientists/Engineers of SPL. Selected candidates should be willing to work anywhere in India (including remote places) and partake in field experiments including aircrafts and ship cruises based campaigns, as per the requirements.

आवेदन, नीचे दिए गए निर्धारित प्रपत्र में **केवल ई-मेल द्वारा** स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन प्रपत्र नीचे दिया गया है। हर तरह से भरे गए आवेदनों को निदेशक, एसपीएल को <directorSPL at vssc dot gov dot in> पर ई-मेल द्वारा भेज दिया जाए।
Applications in specified format given below will be received ***only via email***. The application format is provided below. Completed applications in all respects may be sent via email to Director, SPL at the email address: <directorSPL at vssc dot gov dot in>.

**पात्रता/*Eligibility:***

- अभ्यर्थियों को विज्ञान या प्रौद्योगिकी की किसी भी विधा में पीएच.डी की उपाधि होनी चाहिए। उनके पीएच.डी का शोध-प्रबंध वायुमंडलीय, अंतरिक्ष ग्रहीय विज्ञानों के क्षेत्रों पर होने चाहिए, जो एसपीएल में चलाए जा रहे अनुसंधान क्षेत्रों के लिए संगत हैं।
  Candidates should have earned their Ph.D. degree in any discipline of Science or Technology. Their Ph.D.thesis should be in the areas of atmospheric, space, and planetary sciences which are relevant to the fields of research being carried out at SPL.
- केवल वे अभ्यर्थी आवेदन देने के लिए पात्र हैं, जिनका पीएच.डी कार्य एसपीएल के बाहर किया गया है। आवेदन के साथ, एसपीएल की अनुसंधान गतिविधि क्षेत्र में एसपीएल में

करने के लिए अभिप्रेत कार्य पर एक अनुसंधान प्रस्ताव (2000 से कम शब्दों में) प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

Only those candidates who have carried out their Ph.D. work outside SPL are eligible to apply. A research proposal (not exceeding 2000 words) on the work they intend to carry out at SPL in the domain of SPL's research activity must be submitted along with the application.

**<u>उच्चतम आयु सीमा/Upper Age Limit:</u>** दिनांक 28.02.15/ 30.04.15 / 30.06.15 /31.08.15 / 31.10.15 / 31.12.15. को 35 वर्ष

35 years as on 28.02.15/ 30.04.15 / 30.06.15 /31.08.15 / 31.10.15 / 31.12.15.

**<u>चयन प्रक्रिया/Selection Process:</u>**

आवेदनों का छानबीन वर्ष 2015 में दो महीनों में एक बार, याने दिनांक 28.02.15, 30.04.15, 30.06.15, 31.08.15, 31.10.15, 31.12.15. को किया जाएगा। निर्धारित योग्यता न्यूनतम अपेक्षा है और वह अभ्यर्थियों को अपने-आप साक्षात्कार हेतु पात्र नहीं बनाती। आवेदन के प्रारंभिक छानबीन तथा प्रस्तुत किए गए अनुसंधान प्रस्ताव की अर्हता पर विचार करने के बाद, उपयुक्त पाए जानेवाले कर्मचारियों को वीएसएससी में साक्षात्कार हेतु बुलाया जाएगा।

Screening of applications will be done bi-monthly in 2015 ie., 28.02.15/ 30.04.15 / 30.06.15 /31.08.15 / 31.10.15 / 31.12.15. The qualification prescribed is the minimum requirement and the same does not automatically make candidates eligible for the interview. After the initial screening of the application and considering the merit of the submitted research proposal, the candidates found suitable will be called for an interview at VSSC.

**<u>वेतन तथा भत्ते/Pay and Allowances:</u>**

प्रारंभ में शोध सहयोगी वृत्ति एक वर्ष की अवधि के लिए है और वार्षिक रूप में कुल दो वर्षों (अपवादी मामलों में तीन वर्ष) की अवधि के लिए नवीकृत की जा सकती है। हर वर्ष नवीकरण के पहले किए गए कार्य की प्रगति की समीक्षा होगी। शोध सहयोगी के पद पर प्रथम वर्ष में ₹ 22,000/-, द्वितीय वर्ष में ₹ 23,000/- तथा तृतीय वर्ष में ₹ 24,000/- प्राप्त होंगे। अभ्यर्थी भी वीएसएससी के नियमित कर्मचारियों के लिए देय आवास किराया भत्ते के पात्र हैं।

The Research Associateship is initially for a period of ONE YEAR and is renewable annually for a total period of two years (three years in exceptional cases). There will be a review of the progress of the work before the renewal every year. The RA position carries an amount of ₹ 22,000/- for the first year, ₹ 23,000/- for the second year and ₹ 24,000/- for the third year. Candidates are also eligible for HRA as admissible to regular employees of VSSC.

**सामान्य शर्तें/General Conditions:**

01. अभ्यर्थियों को, साक्षात्कार के समय, ऑन-लाइन द्वारा प्रस्तुत किए गए अपने आवेदनों में प्रस्तुत ब्यौरों का प्रमाण प्रस्तुत करना चाहिए।

    Candidates will have to produce proof of the details furnished in their applications submitted on-line at the time of interview.

02. साक्षात्कार के लिए बुलाए गए बाहय स्थान के अभ्यर्थियों को, रेलवे टिकट/टिकट सं. या बस टिकट आदि जैसे यात्रा के प्रमाण प्रस्तुत करने पर, आरक्षण/स्लीपर प्रभारों सहित सबसे छोटे रूट पर आने-जाने का द्वितीय श्रेणी का रेलवे भाड़ा दिया जाएगा। यदि अभ्यर्थी अपने लिए निर्धारित श्रेणी से उच्चतर श्रेणी में यात्रा करते हैं तो आरक्षण/स्लीपर प्रभारों को छोड़कर द्वितीय श्रेणी का रेलवे भाड़ा दिया जाएगा।

    Outstation candidates called for Interview will be paid to and fro Second Class Railway Fare by the shortest route including reservation/sleeper charges on production of proof of journey such as Railway Tickets/Ticket Number or Bus tickets, etc. If the candidates travel in a higher class of accommodation than the one prescribed, Second Class Railway Fare excluding the reservation charges/sleeper charges will be paid.

03. सत्यापन करने पर यदि ऑन-लाइन द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना असत्य या गलत पाई जाती है तो अभ्यर्थी को साक्षात्कार में उपस्थित रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी और यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा।

    If any information furnished on-line is found to be incorrect or false on verification, the candidate will not be permitted to attend the interview and Travelling Allowance will not be paid.

04. यदि ऐसा निर्णय किया जाता है तो पद को न भरने का अधिकार केंद्र पर निक्षिप्त है।

    The Centre reserves the right not to fill up the position, if it so decides.

05. केवल भारतीय नागरिक आवेदन दें।

    Only Indian Nationals need apply.

06. अंतरिम पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

    No interim correspondence will be entertained.

07. किसी भी प्रकार का अनुयाचन, अयोग्यता मानी जाएगी।

    Canvassing in any form will be a disqualification.

**"सरकार एक ऐसे कर्मचारी गण के लिए प्रयास करती है, जो लिंग संतुलन की अभिव्यक्ति करता है और महिला उम्मीदवारों को आवेदन देने हेतु प्रोत्साहित किया जाता है।"**

**"Government strives to have a workforce that reflects gender balance. Women candidates are encouraged to apply."**

**<u>आवेदन कैसे दें/HOW TO APPLY</u>**

**सभी पात्र अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि निम्नलिखित दस्तावेज़ों को ई-मेल** <directorSPL at vssc dot gov dot in> **द्वारा ही प्रस्तुत करें**:
**All eligible candidates are requested to submit the following documents only by email** <directorSPL at vssc dot gov dot in>:

- **निर्धारित प्रपत्र में आवेदन की स्कैन की गई प्रति**
  **Scanned copy of the Application in the prescribed format.**
- **पीएच.डी शोध-प्रबंध का सारांश**
  **Abstract of Ph.D. thesis**
- **प्रकाशनों की सूची**
  **List of Publications**
- **अनुसंधान प्रस्ताव (अधिकतम 2000 शब्द)**
  **Research proposal (maximum of 2000 words)**
- **विस्तृत जीवनवृत्त**
  **Detailed Bio-data**
- **प्रमाणपत्रों की स्कैन की गई प्रति (स्वयं अनुप्रमाणित)**
  **Scanned copy of the certificates (self attested)**

**साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों को निम्लिखित <u>मूल</u> दस्तावेज़ प्रस्तुत करने हैं**:
**At the time of interview the candidates are required to produce <u>original</u> documents of the following:**

- **केंद्रीय / राज्य सरकार / सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों / स्वायत निकायों के अधीन कार्यरत आवेदकों के विषय में संबंधित नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र**
  **No Objection Certificate, from the employer concerned in respect of those applicants who are employed under Central / State Government / Public Sector Undertakings / Autonomous Bodies.**

- **शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण में सभी प्रमाणपत्रों, अंकसूचियों, पीएच.डी की उपाधि के मूल, कार्य अनुभव, आयु आदि के प्रमाण**
  **Originals of all certificates, marklists, Ph.D. degree in proof of educational qualification, Proof of work experience, age etc.**

| आवेदन हेतु प्रपत्र/FORMAT FOR APPLICATION | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | आवेदित पद/Position applied for | : | |
| 2. | विज्ञापन सं./Advertisement No. | : | |
| 3. | पूरा नाम (मोटे अक्षरों में)/Name in full (in BLOCK LETTERS) | : | |
| 4. | जन्म तिथि तथा जन्म स्थान/Date and Place of birth | : | |
| 5. | दिनांक 28.02.15/ 30.04.15 / 30.06.15 /31.08.15 / 31.10.15 / 31.12.15 को आयु<br>Age as on 28.02.15/ 30.04.15 / 30.06.15 /31.08.15 / 31.10.15 / 31.12.15. | : | |
| 6. | राष्ट्रीयता/Nationality | : | |
| 7. | माता या पिता / विवाहिती का नाम<br>Parent's/Spouse's name | : | |
| 8. | पत्राचार हेतु पता (मोटे अक्षरों में)<br>Address for correspondence (in BLOCK LETTERS) | : | |
| 9. | निकटस्थ रेलवे स्टेशन/Nearest Railway Station | : | |
| 10. | स्थायी पता/Permanent Address | : | |
| 11. | क्या, अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अ.पि.व. / अन्य है (जो लागू है उसे स्पष्ट करें।)<br>Whether Scheduled Caste/Scheduled Tribe/OBC/Others (Specify which is applicable) | : | |
| 12. | शैक्षणिक / व्यावसायिक योग्यताएं (पारित परीक्षाओं / पढ़े पाठ्यक्रमों / विश्वविद्यालय / बोर्ड / संस्था / पास होने का वर्ष / श्रेणी तथा अंकों की प्रतिशतता (दो दशमलव तक ठीक की गई) / लिए गए विषय आदि को स्पष्ट सूचित करते हुए)<br>Educational/Professional qualifications [indicating clearly the Examinations passed/ Courses undergone/University/Board/Institution/Year of passing/Class and Percentage of marks (corrected upto two decimals)/Subjects taken, etc.]. | : | |
| 13. | वर्तमान पद से शुरू करते हुए पीछे की ओर कालक्रमानुसार पिछली नौकरी / प्रशिक्षण, यदि | : | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | कोई हो तो, के ब्यौरे (पूरे पते के साथ नियोक्ता का नाम, धारित पद, प्राप्त वेतन, सेवा की अवधि, ड्यूटियों की प्रकृति आदि को सूचित करते हुए)<br>Details of previous/present employment/training, if any, in chronological order starting from the present position backwards (indicating the name of the employer with full address, post held, salary drawn, period of service, nature of duties, etc.). | | |
| 14. | यदि ऊपर की क्रम सं. 12 व 13 के लिए आपके उत्तर में स्कूल छोड़ने से लेकर आज की तिथि तक का पूरा काल समाहित नहीं होता है तो संक्षिप्त में बताएं कि न बताई गई उस अवधि को आपने कैसे बिताया<br>If your answers to Serial numbers 12 and 13 above do not cover all the period from School leaving to till date, briefly state how you spent the uncovered period. | : | |
| 15 | यदि चयनित होते हैं तो पद पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु अपेक्षित न्यूनतम समय<br>If selected, the minimum time required to join the post. | : | |
| 16. | संदर्भों सहित कोई भी अन्य संगत सूचना, जिसे आप जोड़ना चाहते हैं<br>Any other relevant information you wish to add including references. | : | |

**घोषणा/DECLARATION**

मैं अभिपुष्ट करता/करती हूँ कि इस आवेदन में दी गई सूचना सत्य एवं सही है। मैं यह भी पूरी तरह समझता/समझती हूँ कि यदि किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि मेरे द्वारा तथ्यों को छिपाने या अन्यथा प्रस्तुत करने की कोशिश की गई है तो संक्षेपतः मेरी अभ्यर्थिता को अस्वीकार या मेरी नौकरी को समाप्त किया जाएगा।

I affirm that the information given in this application is true and correct. I also fully understand that if at any stage it is discovered that any attempt has been made by me to wilfully conceal or misrepresent the facts, my candidature may be summarily rejected or my employment terminated.

**अभ्यर्थी के हस्ताक्षर**

**तिथि/**Date: **Signature of the candidate**